
NBT
नवभारत टाइम्स
By THE TIMES OF INDIA

## जरा संभलकर! गाजियाबाद में नकली पनीर फैक्ट्री पकड़ी गई, छिपकली और चूहे चहलकदमी करते मिले



**गाजियाबाद:** क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना पुलिस ने डूंडाहेड़ा में छापेमारी करके नकली पनीर बनाने की फैक्ट्री का खुलासा किया है। फैक्ट्री से बड़ी मात्रा में सोयाबीन का चूरा, बना और अधबना पनीर बरामद हुआ है। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच की तो पता चला कि आरोपी ने दूध से पनीर बनाने का लाइसेंस लिया था और वह सोयाबीन से पनीर बना रहा था। सोयाबीन के कट्टों और क्रेट में छिपकली और चूहे घूमते मिले।

Source: https://navbharattimes.indiatimes.com/state/uttar-pradesh/ghaziabad/fake-paneer-factory-found-run-in-ghaziabad/articleshow/123213641.cms